मुन्ना कुमार व उमवि टांडा के बंदना

संजीत ठाकुर मौजूद थे.

कुमार, सुधीर कुमार, बबली कुमारी, अनिता कुमारी थे.

म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में डॉ. बबीना ने मारी बाजी

आयोजन

- आरएनएआर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का समापन

प्रतिनिधि, समस्तीपुर

प्रतिभागियों के साथ मुख्य अतिथि व अन्य.

आरएनएआर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 का समापन शनिवार को हुआ. मुख्य अतिथि सह एमएलसी डा. तरुण कुमार द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया. एमएलसी ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के साथ-साथ शिक्षा में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. जैवलिन थ्रो में फूल बाबू, वर्षा कुमारी, शॉट पुट गर्ल्स में तनु भारती, प्रिंस कुमार, डिस्कस थ्रो में सीता कुमारी, प्रिंस कुमार, सुई धागा रेस में नेहा कुमारी, टेबल टेनिस में विकास कुमार साहनी, रिचा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. इसी तरह शतरंज प्रतियोगिता में आदर्श कुमार झा, 1500 मीटर दौड़ में कमलेश कुमार, 800 मीटर दौड़ में तनु भारती,100 मीटर में विनय कुमार, अंजलि कुमारी, 200 मीटर में विनय कुमार, लाडली परवीन, 400 मीटर दौड़ में अनीश कुमार, तनु भारती, कैरम में रोशन इंतेशार, मुस्कान कुमारी, लॉन्ग जंप में कामेश्वर कुमार, अंजलि कुमारी, हाइ जम्प में शिवम कुमार झा, कोमल कुमारी, आल राउंड परफॉर्मेंस के लिए तन्नू भारती, कमलेश कुमार, विनय कुमार को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया. वहीं योगा मे प्रथम स्थान प्राप्त रौशनी शर्मा, कुशो कुमार ने बाजी मारी. महिला अध्यापिकाओं के लिए म्यूजिकल चेयर के आयोजन किया गया. इसमें जंतु विज्ञान की डॉ. बबीना सिन्हा ने जीत दर्ज की.

मौके पर प्रधानाचार्य प्रो. दिलीप कुमार, डॉ. चंद्रशेखर सिंह, प्रो. संतोष कुमार, डॉ दीपक कुमार नायर, डॉ राजीव रोशन सहित सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे.

प्रभात खबर
Sunday, February 1, 2026
Samstipur
https://epaper.prabhatkhabar.com/clip/697e46c20954329d0ee1a1b8